

# मकान कच्चा, 1 कमरा पहले 150 का आता था बिल अब 7 हजार

**खास बातें**

- स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद, थाने में दर्ज हुई एफआईआर
- कांग्रेस स्मार्ट मीटर का कर रही विरोध, जनता ने नकारा मीटरों को

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 1 अगस्त, बिजली कंपनी शहर से लेकर गांव तक स्मार्ट मीटर लगा रही है जिसके बाद शिकायतें सामने आ रही है कि नए स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली का ज्यादा बिल आ रहा है. इन नए स्मार्ट मीटर के खिलाफ लगातार प्रदर्शन हो रहा है और इसका विरोध भी किया जा रहा है.**



हाल में एक नया मामला गुलाबगंज क्षेत्र से सामने आया है जहां एक कच्चे मकान के एक कमरे में रहने वाले एक परिवार का बिल पहले जहां 150 रुपए आता था लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक महीने का बिल 7 हजार 300 रुपए आया है. यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसको भाजपा नेता मनोट कटारे ने शेयर किया है. जिस पर बताया गया कि एक विधवा महिला अपने पांच बच्चों के साथ एक कमरे में रहती है और उसका परिवार सरकारी राशन से पलता है परिवार में एक युवा है जो काम करके अपना परिवार पाल रहा है उसके एक महीने का बिल सात हजार से जयादा आया है. मनोज कटारे की इस पोस्ट पर कई कमेंट और कई लोगों से शेयर किया है.इस वीडियो में महिला ने बताया कि जो बिल आया है उसे भरना मुश्किल है परिवार की इतनी आय नहीं है कि इतना बिल भर सकें. इसी तरह एक मामला सिविल लाइन थाने से सामने आया है जहां पर बिजली कंपनी के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने गए हुए थे जहां पर उपभोक्ता ने यह कहते हुए आपति दर्ज कराई कि मेरे बिजली मीटर में कोई खराबी नहीं है इसे फिर क्यों बदला जा रहा है. इसी बात को लेकर कंपनी के कर्मचारी और उपभोक्ता के बीच विवाद हो गया जिसका एक वीडियो बना लिया गया और इसी वीडियो को सिविल थाने में देकर उपभोक्ता के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया. बताया गया कि यह पूरा मामला 22 जुलाई का है. पुलिस ने उपभोक्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है. गौरतलब है कि विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध हर तरफ हो रहा है . जहां एक तरफ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष बहुत स्मार्ट मीटर मीटर लगाए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए विद्युत मंडल के पुतले जला रहे हैं. वही शुक्रवार को भाजपा नेता मनोज कटारे ने भी सोशल मीडिया साइट पर एक पोस्ट डालकर सरकार से निवेदन किया कि सरकार स्मार्ट मीटर पर चिंता करें तथा विद्युत मंडल को पाबंद करें की स्मार्ट मीटर लगने के बाद इतनी ज्यादा राशि के बिल क्यों आ रहे हैं. हम सत्ताधारी दल भाजपा की राजनीति करते हैं क्षेत्र के लोग इसलिए हमारे पास अपनी समस्याएं लेकर आते हैं समस्याओं पर विद्युत मंडल के अधिकारियों से चर्चा की तो उनका कहना साफ था इस मामले में हम कुछ नहीं कर सकते हमें स्मार्ट मीटर लगाए जाने के आदेश हैं.

**एक नजर में**

## विश्व स्कार्फ दिवस पर कलेक्टर हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** 1 अगस्त 1907को लार्ड बेडन पोवेल द्वारा ब्राउनसी नामक दीप पर पहला स्काउट कैंप आयोजित किया गया था तभी से हम एक अगस्त को विश्व स्कार्फ दिवस मनाते है और स्वयं तो स्कार्फ पहनते ही हैं साथ में बरिष्ठ नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारीयों को भी स्कार्फ पहनाकर सम्मानित करते हैं.इस अवसर पर स्काउट गाइड भवन मै बिगीनर्स कोर्स का आयोजन किया गया तथा कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशी मिश्रा को स्कार्फ एवं स्काउट पी कैप पहनाकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम मै जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी, जिला संगठक श्रीमती अनीता पटले, जिला संगठक ए. पी. शुक्ला, सह सचिव दीपक जैन एवं लल्लुसिंह भोई उपस्थित थे.

## फर्जी फेसबुक आईडी से झूठी पोस्ट का खुलासा, नपा का निकला अधिकारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सोशल मीडिया पर नगर पालिका के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. फर्ज़ी फेसबुक आईडी से लगातार पोस्ट करने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि नगर पालिका का ही एक अधिकारी निकला है.मार्च में नगर पालिका की महिला सहायक यंत्री ने कोतवाली थाने में शिकायत दी थी कि 'जगदीश पारसर' नामक फर्जी फेसबुक आईडी से नगर पालिका की योजनाओं और कर्मचारियों को लेकर गलत व झूठी जानकारियां पोस्ट की जा रही हैं। इसके साथ ही उनके मोबाइल पर मैसेज भी भेजे गए थे.शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की.जांच में सामने आया कि यह फर्ज़ी फेसबुक आईडी चलाने वाला नगर पालिका का ही एक अधिकारी है. एसएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने बताया कि मामले की पुष्टि के बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.तकनीकी प्रमाणों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## विदिशा बंद कर शिवराज से मांगा इस्तीफा

**शहर की खुदी सड़कों और अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**शहर की खुदी सड़कों व बिजली विभाग द्वारा जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर और अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को आधे दिन का बंद का आह्वान किया था जिसमें व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की थी.व्यापारियों ने कांग्रेस के बंद का समर्थन करते हुए सुबह से दोपहर तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे.



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि उनका बंद पूरी तरह सफल रहा है क्योंकि आम व्यापारी भी इन समस्याओं से परेशान हैं.उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान को लाखों वोटो से जिताकर संसद में भेजा लेकिन इस जनता को शिवराज सिंह चौहान ने दरकिनार कर दिया.इसलिए व्यापारी और आम जनता भी उनसे नाराज है शिवराज सिंह चौहान से इस्तीफा की मांग को लेकर पोस्टकार्ड भी शहर के व्यापारियों द्वारा लिखे जा रहे हैं जो राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे.घर-घर वार्ड वार्ड जाकर भाजपा और और शिवराज के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा.

## प्रेमचंद को पढ़ना भारत को समझने का प्रयास

**न्यास द्वारा प्रेमचंद एवं तुलसीदास जी की जयंती पर किया आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पं गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा अग्रवाल ट्रस्ट धर्मशाला के सभागार में आयोजित उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंति पर आयोजित संगोष्ठी में प्रेमचंद की भारत संकल्पना विषय पर अपने उद्बोधन में संगोष्ठी के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रयाग में हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विषय के प्रोफेसर संतोष भदौरिया ने कहा कि प्रेमचंद की भारत संकल्पना को समझने के लिये गोस्वामी तुलसीदास और प्रेमचंद के लेखन से जुड़ना ऐक अनिवार्यता है. प्रेमंचद को हमने टुकड़ों टुकड़ों में पढ़ा और समझा है इसलिये वे किसी को गांधीवादी और किसी को प्रगतिवादी दिखाई देते हैं. प्रेमचंद और गांधी के केंद्र में हमेशा किसान या खेतीहर मज़दूर रहे. उनके लेखन में ग़रीब,मज़दूर,किसान और समाज से उपेक्षित वर्ग है और उनके लेखन में यही पात्र हीरो बनकर उभरते हैं. संतोष भदौरिया ने आगे कहा कि प्रेमचंद की भारत संकल्पना साम्प्रदायिकता और पाखंड के ख़िलाफ़ है. उन्होने कहा कि सन 1990 के बाद पैदा हुये ऐसे मध्यवर्ग को देखकर प्रेमचंद निश्चित ही दुखी होते जो मध्यवर्ग अपनी वर्तमान स्थितियों और उपलब्धियों से संतुष्ट है.प्रेमंचद का लेखन भारतीय समाज को गंभीरता से समझने की दृष्टि देता है. इस अवसर अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में न्यास के अध्यक्ष ख्यात आलोचक और कवि डॉक्टर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि अपने समाज को देखखर,समझकर और उसके प्रश्नों से जूझकर उनके उत्तर के लिये छटपटाती इच्छा ही किसी को लेखक बनाती है. इसीलिये प्रेमचंद अपने लेखन से समाज की चेतना को बार बार झकझोरकर जगाते हैं. समाज की चेतना को जगाने का निरंतर प्रयास ही प्रेमचंद को प्रेमचंद बनाता है.

## 4 को निकलेगी कावड़ यात्रा, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर,** श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना को समर्पित विशाल कांवड़ यात्रा 2025 की तैयारियां तेज हो गई हैं. इस पावन आयोजन को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने कांवड़ यात्रा समिति के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें यात्रा की व्यवस्था, सुरक्षा, जल सेवा, भजन संध्या, और सांस्कृतिक आयोजन जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई. कावड़ यात्रा 4 अगस्त सोमवार को दोपहर 12 बजे से श्री नागेश्वर शिव मंदिर, पाटीदार धर्मशाला, गल्ला मंडी के पास, सिरोंज से प्रारंभ होगी.बैठक के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा एक आस्था का उत्सव है.


